अग्रवाल महाविद्यालय में हुआ तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय में अंतर्विभागीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में इंडियन, रिकर्व व कंपाउंड राउंड की प्रतियोगिताएं पुरुष वर्ग और महिलाएं वर्ग के लिए हुई। जिसमें कंपाउंड प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में तरुण कुमार द्वितीय बी ए द्वितीय वर्ष ने प्रथम निखिल अत्री बी ए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। वहीं पुरुष वर्ग के ही रिकर्व राउंड विक्की हुड्डा एमएससी प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान, जितेंद्र बी ए थर्ड ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। महिला वर्ग के रिकर्व राउंड में रितिका यादव ने प्रथम स्थान और आर्ची यादव ने द्वितीय व लड़कों के इंडियन राउंड में आकाश सौरोत ने प्रथम स्थान अर्जित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। शुभारंभ की सुनहरी बेला पर अंग्रेजी विषय की वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती कमल टंडन व महाविद्यालय के शारीरिक विभाग के शिक्षक डॉ जगबीर सिंह व श्री मोहित हुड्डा उपस्थित रहे। समापन समारोह में प्राचार्य जी के साथ महर्षि दयानंद विभाग विश्वविद्यालय से आए प्रोफेसर रणदीप सिंह राणा उपस्थित रहे। जिन्होंने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।